RASHTRIYA SAHARA, LUCKNOW
Thursday, October 10, 2013

एलपीएस ने जीती टीसीएस प्रतियोगिता

लखनऊ (एसएनबी)। देश की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित 'टीसीएस आईटी विज' में आशियाना सेक्टर आई स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल (एलपीएस) के लविश पाण्डेय और वरुण सिंह सेंट फिडेलिस कालेज के अंकित और मोहम्मद हमाज को पराजित कर रीजनल राउंड के विजेता बने। विजेताओं को पुरस्कार मुख्य अतिथि प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री प्रो. अभिषेक मिश्र और कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक रंजन ने प्रदान किये। इन्दिरा गांधी शांति प्रतिष्ठान में आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के स्कूलों के 1300 से भी अधिक छात्रों ने भाग लिया।

इस अवसर पर टीसीएस के रीजनल हेड जयंत कृष्णा ने बताया कि विजेता टीम को आईपैड और रनर अप टीम को गैलेक्सी टैबलेट तथा ट्राफी प्रदान की गयी। उन्होंने बताया कि आज छह स्कूल रीजनल राउंड में पहुंचे और इनमें से आशियाना के सेक्टर आई स्थित एलपीएस के लविश पाण्डेय और वरुण सिंह विजेता बने। इस प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा 8 से 12 के बीच पढ़ने वाले विद्यार्थियों में आईटी के प्रति रुझान और मेधा की परख के लिए किया गया था। छह फाइनलिस्ट टीम को पेन ड्राइव, हेड फोन, टी शर्ट, नोटबुक स्पीकर बैग्स आदि प्रदान किये गये। विजेता टीम दिसम्बर में आयोजित होने वाली 'स्मार्ट टेक विजार्ड-2013' में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करेगी। फाइनल विजेता को टीसीएस के सीईओ एन. चन्द्रशेखरन से भी बातचीत करने का मौका मिलेगा।

लखनऊ : 'टीसीएस आईटी विज' के विजेता प्रदेश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री प्रो. अभिषेक मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक रंजन व टीसीएस के रीजनल प्रमुख जयंत कृष्णा के साथ।